प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

दो नंबर रेल सेतु पर हुई है. आग की भनक लगते ही चालक ने रेल सेतु पर ही इंजन को रोका और उसके बाद अग्निशामक यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन संयोग से यंत्र की गैस ही खत्म हो गयी. इस बीच विपरीत

# केंद्र के चलते पहाड़ के पंचायत चुनाव में देरी



**नागराकाटा.** पंचायत एवं ग्रामोन्नयन मंत्री सुब्रत मुखर्जी ने रविवार को मेटेली प्रखंड अंतर्गत माटियाली-बाताबाड़ी एक नंबर ग्राम पंचायत के देवपानी इलाके में पेयजल प्रकल्प का जायजा लिया. इसी क्रम में मंत्री ने केंद्र सरकार पर विलंब के लिये आरोप लगाते हुए कहा कि दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में कई साल से राज्य सरकार चाहकर भी पंचायत चुनाव नहीं कर पा रही है. हालांकि राज्य सरकार इसके लिये प्रयास जारी रखे हुए है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सरकारी परियोजनाओं के लिये राशि समय पर नहीं दे रही है. मंत्री सुब्रत मुखर्जी ने बताया कि चालसा के इस पहाड़ी इलाके में सूख चुके झरने के पानी को पुनर्जीवित कर सोलर सोलर सिस्टम के माध्यम से पानी को रिजर्वॉयर में जमाकर जलापूर्ति की जा रही है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 के लिये मनरेगा के अंतर्गत 15 लाख रुपये और केंद्रीय वित्त आयोग से मिले 13 लाख 38 हजार 671 रुपये मंजूर किये गये हैं. उन्होंने कहा कि इस जलापूर्ति योजना को मॉडिल मानकर पहाड़ी इलाकों में जलापूर्ति की जायेगी. आज मंत्री कालिम्पोंग के लिये रवाना हो गये. सोमवार को वे दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों के पंचायत की परियोजनाओं को लेकर बैठक करेंगे.